श्री राम चन्द्र शिक्षा सेवा संस्थान, बेलपार पंडित, भाटपार रानी, देवरिया।

प्रबन्धकारिणी समिति के बैठक की कार्यवृत्ति की सत्यप्रतिलिपि

आज दिनांक 06.12.2012 को श्री राम चन्द्र शिक्षा सेवा संस्थान, बेलपार पंडित, भाटपार रानी, देवरिया के मुख्यालय में प्रबन्ध समिति की एक आवश्यक बैठक सायं 5:00 बजे अध्यक्ष प्रबन्ध समिति श्री उपेन्द्र उपाध्याय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी सदस्य उपस्थित रहें। बैठक का कोरम पूरा रहा।

प्रस्ताव संख्या –2

राम चन्द्र उपाध्याय महाविद्यालय, धनौती, भाटपार रानी, देवरिया में स्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय के अन्तर्गत बी०एड० पाठ्यक्रम के संचालन हेतु उत्तर क्षेत्रीय समिति, रा०अ०शि०प०, जयपुर को प्रस्ताव भेजने पर विचार :–

सचिव/प्रबन्धक आशुतोष कुमार उपाध्याय ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा बी०एड० पाठ्यक्रम का संचालन करने की अनुमति दी गयी है। फलस्वरूप हमारी समिति द्वारा इस पिछड़े क्षेत्र में शिक्षक प्रशिक्षण के क्षेत्र में आगे कदम बढ़ाते हुये राम चन्द्र उपाध्याय महाविद्यालय में बी०एड० पाठ्यक्रम में 100 सीटों की मान्यता के लिए प्रस्ताव भेजा जाना सर्वथा उचित होगा।

उपाध्यक्ष श्रीमती शशि द्विवेदी ने सचिव/प्रबन्धक आशुतोष कुमार उपाध्याय के कथनों का समर्थन करते हुये कहा कि यह अत्यन्त पुनीत कार्य है जिसका यथाशीघ्र क्रियान्वयन होना चाहिए। बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों ने सम्बन्धित प्रस्ताव को हर्ष के साथ सर्वसम्मति से सहमति प्रदान किया।

प्रस्ताव संख्या –3

स्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय के अन्तर्गत बी०एड० पाठ्यक्रम के राम चन्द्र उपाध्याय महाविद्यालय, धनौती, भाटपार रानी, देवरिया में संचालन एवं समस्त औपचारिकताओं के सम्पादन हेतु प्रबन्धक के नियुक्ति एवं अधिकार देने का प्रस्ताव :–

सदस्य श्री बिहारी लाल दूबे ने कहा कि बी०एड० पाठ्यक्रम के संचालन के लिए समस्त विधिक, वित्तीय एवं प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन के लिए सचिव/प्रबन्धक श्री आशुतोष कुमार उपाध्याय का नाम सर्वथा उपयुक्त रहेगा, जिसे सदस्य राज मंगल तिवारी सहित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुये सचिव/प्रबन्धक श्री आशुतोष कुमार उपाध्याय को बी०एड० पाठ्यक्रम के संचालन हेतु समस्त वांछित औपचारिकताओं के निर्वहन हेतु अधीकृत किया।

प्रस्ताव संख्या –4

बैठक में अन्य कोई प्रस्ताव अध्यक्ष की अनुमति से :–

बैठक में अन्य कोई प्रस्ताव विचारार्थ नहीं आया, फलस्वरूप अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों का आभार ज्ञापन करते हुये बैठक के समापन की घोषणा की।

आशुतोष कुमार उपाध्याय
(आशुतोष कुमार उपाध्याय)
सचिव
श्री रामचन्द्र शिक्षा सेवा संस्थान
बेलपार पंडित, तहसील भाटपार रानी, जिला देवरिया